दिन– शनिवार | दिनांक– 02 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल।

02. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत आज से सूची में सुधार के लिए दावा–आपत्ति ली जायेंगी।

03. त्योहारों के दौरान स्टेशन पर भीड़भाड़ कम करने के लिये देशभर के तिहत्तर प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन अधीक्षक की तैनाती की जाएगी।

04. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार और मधेपुरा जिले में अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्री मोदी वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नौ करोड़ सत्तर लाख किसानों के बैंक खाते में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। बिहार के लगभग चौहत्तर लाख किसानों के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जाएगी। श्री चौहान ने देशभर के किसानों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

–––बाइट–––

इस अवसर पर पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इसके बाद श्री चौहान बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में किसानों के साथ संवाद करेंगे और परिसर में पौधारोपण करेंगे।

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत मतदाता सूची में सुधार के लिए आज से दावा–आपत्ति ली जायेगी। दावा–आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में एक सितम्बर तक विशेष शिविर लगायेजा रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से.....

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल वोटर्स लिस्ट के प्रारूप पर एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। नब्बे हजार बूथ लेवल अधिकारियों को इस कार्य में लगाया गया है। आयोग ने कहा कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे। आयोग ने कहा कि पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारण से प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सका है, वे घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं, दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं से बीएलओ उनके घर जाकर आवेदन प्राप्त करेंगे। पच्चीस सितंबर तक दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न आवेदनों की जांच होगी और इनका निष्पादन कर लिया जायेगा। इसके बाद तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची के आधार पर ही राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

इधर, निर्वाचन आयोग की ओर से एक महीने तक चले एसआईआर के पहले चरण के बाद प्रकाशित प्रारूप सूची के अनुसार राज्य में अभी सात करोड़ चौबीस लाख पांच हजार सात सौ छप्पन मतदाता हैं। पैंसठ लाख चौंसठ हजार से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इसमें बाईस लाख चौंतीस हजार मतदाता मृत पाये गए। जबकि छत्तीस लाख अट्ठाईस हजार से अधिक मतदाता स्थाई रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित हो गए। वहीं सात लाख से अधिक मतदाताओं के नाम एक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज पाये गए। सबसे अधिक पटना जिले में तीन लाख पंचानवे हजार पांच सौ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। वहीं, सबसे कम शेखपुरा जिले में छब्बीस हजार दो सौ छप्पन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

———————————————————

इधर, महागठबंधन ने निर्वाचन आयोग से मृतक, स्थायी रूप से पलायन कर चुके और अपने पते पर नहीं पाये गये मतदाताओं की विधानसभा क्षेत्र और बूथवार सूची उपलब्ध कराने को कहा है। राजद सांसद मनोज झा कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद, इस प्रक्रिया में आधार और राशन कार्ड को शामिल नहीं किया गया है।

———बाईट———

कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा है कि अगर चुनाव आयोग पारदर्शिता बरत रहा है तो सरकार को सदन में इस पर चर्चा करनी चाहिए।

———बाईट———

इधर, भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि विपक्ष को प्रारूप सूची पर एतराज है तो उन्हें दावा–आपत्ति करनी चाहिए।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विपक्ष संवैधानिक संस्था का अपमान करते हुये जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

---बाईट---

---

राज्य सरकार ने सेवा निवृत्त सरकारी कर्मियों के संविदा पर नियुक्ति की अधिकतम उम्र सीमा सत्तर वर्ष कर दी है। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन पदों की सेवानिवृति की उम्र पैंसठ वर्ष है, उनमें सत्तर वर्ष तक कर्मियों का नियोजन सम्भव हो सकेगा। इस निर्णय के बाद राज्य के बोर्ड, निगम और सोसाईटी में सत्तर वर्ष की उम्र तक सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा ली जा सकेगी।

---

मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दोरान अच्छी बारिश के समाचार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल देर रात राजधानी पटना और आस–पास के इलाकों में भी तेज बारिश हुई है। इससे कई स्थानों पर एक बार फिर से जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार और मधेपुरा जिले में अत्यंत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सुपौल, भागलपुर, मुंगेर, समस्तीपुर, खगड़िया तथा बेगूसराय जिले में भारी बारिश की चेतावनी है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

---

प्रदेश के सभी बराज और बांध की सुरक्षा का मूल्यांकन देशभर के विशेषज्ञ करेंगे। इस संबंध में जल संसाधन विभाग की ओर से इक्कीस विशेषज्ञों की टीम बनायी गई है। प्रत्येक टीम में सात–सात विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। ये विशेषज्ञ बांध का जमीनी मूल्यांकन करने के बाद राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देशभर में भीड़भाड़ वाले तिहत्तर प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन अधीक्षक की तैनाती की जाएगी, जो त्योहारों के दौरान स्टेशन पर भीड़भाड़ कम करने के लिये तत्काल निर्णय ले सकेगा। राज्यसभा में कल एक लिखित उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के बाहर स्थायी होलडिंग एरिया और चौड़े फुट ओवर ब्रिज बनाकर भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाया जायेगा।

---

प्रदेश के सभी डाकघर आज और कल सॉफ्टवेयर अपडेट किये जाने के कारण बंद रहेंगे। डाक विभाग बिहार सर्किल के अन्तर्गत बाईस डिविजन के आठ हजार चार सौ सत्रह डाकघर में काम–काज बंद किया गया है। पटना जीपीओ सहित सभी डाकघरों में चार अगस्त से नया सॉफ्टवेयर टू प्वाइंट ओ लागू हो जायेगा।

---

शिवहर के विधायक चेतन आनंद और उनके समर्थकों द्वारा कथित तौर पर पटना एम्स के गार्ड और डॉक्टरों के साथ मारपीट मामले में दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, घटना के विरोध और आरोपी विधायक से लिखित माफी की मांग को लेकर एम्स के रेजिडेंस डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इसके कारण ओपीडी, ट्रॉमा और इमरजेंसी सेवा समेत सभी विभागों के काम–काज पर असर पड़ा है।

---

नालंदा जिले के सिलाव निवासी कमलेश कुमार को बावनबूटी कला की लोक प्रियता में उल्लेखनीय गयोदान के लिए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार दिया जाएगा। सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर नई दिल्ली में श्री कुमार को सम्मानि किया जायेगा।

---

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष आशुतोष गोवारिकर और पी. शेषाद्रि ने कल नई दिल्ली में इन पुरस्कारों की घोषणा की। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और विक्रांत मैसी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते हैं। रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया जाएगा। ट्वेल्थ फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाएगा। कटहल – ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा।

---

नालंदा के हरनौत में पैंतीसवीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के दो सौ पचास से अधिक खिलड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शीर्ष आठ निशानेबाजों का चयन राष्ट्रीय टीम के लिए किया जायेगा।
अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। ईशान अट्ठाईस अगस्त से शुरू हो रहे दिलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में पूर्वी क्षेत्र टीम की कप्तानी करेंगे। इस टीम में समस्तीपुर जिले के विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में सत्यापन बाद मतदाता सूची का प्रारूप जारी। पैंसठ लाख के नाम कटे, दावा–आपत्ति आज से।

दैनिक जागरण ने इस खबर पर शीर्षक दिया है– मतदाता सूची के दस्तावेजों में आधार और राशन कार्ड पर अभी संशय।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– मिड डे मील रसोईयां, स्कूल के नाइट गार्ड का मानदेय दोगुना।

प्रभात खबर लिखता है– उपराष्ट्रपति के लिए नौ सितम्बर को वोटिंग।

आज अखबार ने लिखा है– संस्कृत स्कूलों में होगी आयुर्वेद की भी पढ़ाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल।

02. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत आज से सूची में सुधार के लिए दावा–आपत्ति ली जायेंगी।

03. त्योहारों के दौरान स्टेशन पर भीड़भाड़ कम करने के लिये देशभर के तिहत्तर प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन अधीक्षक की तैनाती की जाएगी।

04. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार और मधेपुरा जिले में अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।